<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 05.11.2024

थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत कुरौली स्थित केनरा बैंक के एटीएम तोड़ने की घटना व नगर पालिका परिषद भवन के परिसर में स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में चोरी की घटना का किया गया अनावरण-

वादी जयेश दीक्षित शाखा प्रबन्धक केनरा बैंक, कुरौली शाखा ने सूचना दिया कि दिनांक 15.09.20024 की रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक के एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 845/2024 धारा 305(e) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 28.10.2024 को वादी जैनेन्द्र कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी,नगर क्षेत्र जनपद बाराबंकी ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना दिया कि नगर पालिका परिषद भवन के परिसर में स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कार्यालय के मुख्य द्वार एवं कार्यालय में रखी 05 अलमारियों का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। उक्त सूचना पर मु0अ0सं0 965/2024 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटनाओं के अनावरण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया था। इसी क्रम में दिनांक 04.11.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के छाया चौराहा के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक में चोरी का प्रयास करने की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त शाहिद खान उर्फ अब्दुल समद पुत्र स्व0 फिरोज खान निवासी मोहल्ला बेगमगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बारांबकी को 03 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया था। अभियुक्त शाहिद उपरोक्त से पूछताछ करने पर बताया गया कि उसके द्वारा पूर्व में भी थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कुरौली स्थित केनरा बैंक एटीएम, शाखा कुरौली को तोड़ने का प्रयास किया गया था। तथा दिनांक 28.10.2024 की रात्रि में नगर पालिका परिषद भवन के परिसर में स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया था।